वैब साईट पर अपलोड करने बाबत्

# कार्यालय जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर

रेलवे अस्पताल के सामने, रातानाडा, जोधपुर– 342001

email- jdajodhpur@yahoo.comosc-साईट jodhpurjda.orgPhone No. 0291-2612086/265635-7 Fax 021-2612086

जो.वि.प्रा. / जोन पूर्व / 2022–23 / 1538 दिनांकः– 15/12/2022

:: ई–बिड सूचना संख्याः जोन–पूर्व 19 / 2022–23 ::

जोधपुर विकास प्राधिकरण जोधपुर की ओर से प्राधिकरण एंव राजकीय विभाग में अनुभवी एवं उपयुक्त श्रेणी (सिविल) में पंजीकृत संवेदको जो कि केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, डाक एंव दूरसंचार, रेलवे या अन्य राज्य सरकार, केन्द्रीय सरकार के अधिकृत संगठनों जो राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदको के समकक्ष हो (निविदा पात्रता पंजीकरण के नियमों के अनुसार मान्य) से निर्धारित प्रपत्र में ई–प्रोक्युरमेन्ट प्रक्रिया से सिविल कार्य हेतु ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है, जो निम्नलिखित दिनांक अनुसार डाउनलोड तथा खोली जायेगी। धरोहर राशि कार्य की अनुमानित लागत पर जोधपुर विकास प्राधिकरण में पंजीकृत सक्षम संवेदक हेतु 1/2 प्रतिशत राशि एंव अन्य विभाग में पंजीकृत सक्षम संवेदक हेतु 2 प्रतिशत धरोहर राशि, निविदा शुल्क निम्नानुसार **Online SSO ID** के माध्यम से जमा कराना आवश्यक है:–

**महत्वपूर्ण दिनांकों का विवरण**

| क्र.सं | विवरण | निविदा की क्र.सं. | दिनांक व समय |
|---|---|---|---|
| 1 | ऑन लाईन निविदा फार्म की डाउनलोड आरम्भ होने की दिनांक व समय | 1 | दिनांक 15.12.2022 6.00 PM से |
| 2 | ऑन लाईन निविदा फार्म डाउनलोड समाप्त होने की दिनांक व समय | 1 | दिनांक 04.01.2023 6.00 PM तक |
| 3 | ऑन लाईन निविदा फार्म जमा कराने की प्रारम्भ होने की दिनांक व समय | 1 | दिनांक 15.12.2022 6.00 PM से |
| 4 | ऑन लाईन निविदा फार्म जमा कराने की अन्तिम दिनांक व समय | 1 | दिनांक 04.01.2023 6.00 PM तक |
| 5 | निविदा शुल्क, धरोहर राशि ऑनलाईन SSO ID के माध्यम से में जमा कराने की अन्तिम दिनांक व समय | 1 | दिनांक 04.01.2023 6.00 PM तक |
| 6 | तकनिकी निविदा खोलने की दिनांक व समय | 1 | दिनांक 05.01.2023 11.00 AM |
| 7 | वित्तीय निविदा खोलने की दिनांक व समय | 1 | ई–मेल / एसएमएस द्वारा सुचित कर दिया जायेगा। |

निविदा का विवरण निम्न प्रकार है–

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाखों में) | धरोहर राशि (रू.) | निविदा शुल्क | कार्य पूर्ण करने की अवधि | दोष निवारण अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | शाला क्रीड़ा संगम गौशाला परिसर में खिलाड़ियों हेतु हॉस्टल निर्माण कार्य। | 235.65 | 471300/- | 2000/- | 09 माह | 05 वर्ष |

**निविदा की महत्वपर्ण शर्ते निम्नानुसार है:–**

1. बिड प्रपत्रों को वेबसाइट http:/www.eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। इन बिडो में भाग लेने वाले संवेदकों को बिड को इलेक्ट्रोनिक फोरमेट में वेबसाइट http:/www.eproc.rajasthan.gov.in पर जमा करानी होगी।
2. बिड की प्रक्रिया ऑन लाईन होगी।
3. बिड हेतु पात्र संवेदकों की श्रेणीः–(सिविल कार्यो हेतु)

| किसी भी सीमा तकः | एए श्रेणी संवेदक |
|---|---|
| रूपये 300.00 लाख तकः | ए श्रेणी संवेदक |
| रूपये 150.00 लाख तकः | बी श्रेणी संवेदक |
| रूपये 50.00 लाख तकः | सी श्रेणी संवेदक |
| रूपये 15.00 लाख तकः | डी श्रेणी संवेदक |

4. बिड खोलने की तिथी को किसी कारणवश यदि सम्पूर्ण नही खोली जा सकती है, तो उसके अगले कार्य दिवस को शेष बिडं खोलने का कार्य जारी रखा जावेगा।
5. बिड प्रक्रियाः–

| कार्य | पोटेंशियल असेसमेंट | पोस्ट क्वालीफिकेशन | प्री क्वालीफिकेशन |
|---|---|---|---|
| सड़क निर्माण कार्य | 300 लाख से 1000 लाख तक | 10 करोड़ से 100 करोड़ | 100 करोड़ से अधिक |
| भवन एंव अन्य निर्माण कार्य | 200 लाख से 1000 लाख तक | 10 करोड़ से 50 करोड़ | 50 करोड़ से अधिक |

6. बिडर्स द्वारा निम्नलिखित राशि निम्न विवरण अनुसार बिड खोले जाने के समय से पूर्व जरिये ऑनलाईन SSO ID ऑनलाईन बिड फार्म जमा कराने की अन्तिम तिथि तथा समय तक जमा करवाना आवश्यक है:–

| क्र. सं. | शुल्क वितरण | शुल्क | भुगतान का प्रकार | देय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | निविदा शुल्क | उपरोक्तानुसार | ऑनलाइन SSO ID के माध्यम से SSO.RAJASTHAN.GOV.IN पर URBAN SERVICES में PAYMENT GETWAY FOR E-TENDERING के माध्यम से | सचिव, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर |
| 2. | धरोहर राशि | अनुमानित लागत का 2 प्रतिशत | | सचिव, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर |
| 3. | ई–टेण्डरिंग प्रक्रिया शुल्क | 50 लाख तक 500/– 50 लाख से ऊपर 1000/– | | MD RISL, JAIPUR |

7. प्रदत दरें बिड खोलने की दिनांक से 50 दिवसों तक बिड स्वीकृति हेतु मान्य (Valid) रहेगी। यदि बिडर्स उक्त अवधि में अपनी बिड अथवा शर्तो में किसी प्रकार का संशोधन करता है अथवा अपनी बिड वापस ले लेता है, तो उसकी बिड सिक्युरिटी राशि जब्त कर ली जावेगी।
8. यदि संवेदक के नजदीकी रिश्तेदार (प्रथम रक्त सम्बन्धी व उनके पति / पत्नी) कार्य से सम्बंधित जोन अथवा अधीनस्थ कार्यालय में खण्डीय लेखाकार अथवा सहायक अभियंता से लेकर अधीक्षण अभियंता स्तर का किसी भी स्तर पर पदस्थापित हो,तो उसके कार्य पर नियुक्त करने पर प्रतिबन्ध रहेगा।
9. राज्य सरकार में किसी भी अभियांत्रिकी विभाग में किसी भी इन्जिनियर या प्रशासनिक कार्य पर नियुक्त राजपत्रित अधिकारी राज्य की अनुमति के बिना सेवा निवृति के 2 वर्ष तक संवेदक अथवा उसके कर्मचारी के रूप में कार्य नही कर सकेंगें। यदि संवेदक अथवा उसके कर्मचारियों में कोई ऐसा व्यक्ति जिसने राज्य सरकार की उक्त लिखित अनुमति बिड जमा कराने से पहले अथवा संवेदक के यहॉं से सेवायें लेने से पहले अनुमति नही ली है, तो अनुबन्ध रद्द किया जा सकेगा।
10. बिडर्स को बिड भरते समय साथ में बिड शुल्क, धरोहर राशि, ई टेण्डरिंग शुल्क, *Enlistment certificate, GST Ragistaration* की प्रति तथा अन्य दस्तावेज जो बिड प्रपत्र मे चाहे गये हो *Scan* कर लगाना अनिवार्य है।
11. किसी भी बिड को स्वीकार करने एवं बिना कारण बताये निरस्त करने के समस्त अधिकार निम्नहस्ताक्षरकर्ता को रहेगा।

12. *RPWA* 100 की समस्त शर्तें उस सीमा तक मान्य/लागु होगी जिस सीमा तक के राजस्थान लोक उपापन पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं नियम 2013 के विरोध मे नही हो।
13. वित्त विभाग के आदेश संख्या एफ 1(1)एफ.डी./जी.एफ. एण्ड ए.आर./2007 दिनांक 30.09.2011 (सर्कुलर नं. 19/2011) के अनुसार 50.00 लाख रूपये तक की राशि के कार्यो के लिए 500/– व 50.00 लाख रूपये से अधिक राशि के कार्यो के लिए 1000/– रू. की राशि ऑनलाईन SSO ID के माध्यम रूप में देय होगी। यह राशि मैनेजिंग डायरेक्ट, आर.आई.एस.एल.के पक्ष में व जयपुर में ऑनलाईन भुगतान योग्य होना चाहिये।
14. नेगोशियेशन की आवश्यकता होने पर ई–मेल व पत्र द्वारा डाक से सूचित किया जायेगा।
15. **बिड प्रपत्र शुल्क** निम्नानुसार निर्धारित है:–

| | |
|---|---|
| 50 लाख से कम अनुमानित लागत | रूपये 500 |
| 50 लाख से 150 लाख तक अनुमानित लागत | रूपये 1000 |
| 150 लाख से 500 लाख तक अनुमानित लागत | रूपये 2000 |
| 500 लाख से अधिक अनुमानित लागत | रूपये 5000 |

16. RTPP Actt/Rules के समस्त प्रावधान उपरोक्त बिड पर लागु होगें।
17. बिड प्रपत्र के साथ सलंग्न परिशिष्ठ ए से डी पर संवेदक के हस्ताक्षर अनिवार्य हैं।
18. जी–शेडयूल/एच–शेडयूल में वर्णित समस्त शर्तो की पूर्ण पालना करनी अनिवार्य होगी।
19. लोक निर्माण वित्तीय एवं लेखा नियम मे परिशिष्ट XVI के अनुभाग– II के अनुसार ही प्राधिकरण मे बिड मे भाग लें सकेंगे।
20. सफल संवेदक को अपने स्तर एवं खर्चे पर ड्राईग डिजाईन, सेक्शन, ऐलीवेशन, 3–डी व्यू इत्यादि बनवायेगें एवं गौशाला प्रबंध समिति एवं प्राधिकरण सक्षम स्तर से प्रमाणित, अप्रूव होने के पश्चात् अप्रूव ड्राईग डिजाईन के अनुसार कार्य सम्पादित करेगें।
21. सफल संवेदक को अपने स्तर पर एवं अपने खर्चे पर सॉईल टेस्टिंग, स्ट्रेक्चर डिजाईन व 3rd पार्टी अप्रूवल करना होगा।
22. निविदा के बिड कम सं. 1 के कार्यों हेतु शाला कीडा संगम समिति, गौशाला मैदान शिक्षा विभाग को कार्य /आइटम हस्तांतरण के पश्चात ही अंतिम विपत्र पारित किया जायेगा।
23. **संवेदक को ऑनलाईन बिड के साथ सबंधित विमागिय अधिकारी से जारी पीएफ (PF) रजिस्ट्रेशन की प्रति संलग्न करना आवश्यक होगा। संवेदक/फर्म द्वारा पीएफ रजिस्ट्रेशन की अनिवार्यता नही होने पर राशि रूपये 100/– के स्टाम्प पर पीएफ (PF) रजिस्ट्रेशन की अनिवार्यता नही होने से संबंधित अण्डरटेकिंग दी जानी अनिवार्य होगी, अन्यथा बिड पर विचार नही किया गया जायेंगा।**
24. **संयुक्त सचिव, वित विभाग (जी एण्ड टी) जयपुर राजस्थान के परिपत्र क्रमांक एफ.2(1)FD/G&T(SPFC)2017 दिनांक 22.10.2021 के अनुसार अतिरिक्त परफोरमेन्स सिक्योरिटी जमा करानी होगी।**
**Additional Performance Security.- (1) In addition to Performance Security as specified in rule 75, an Additional Performance Security shall also be taken from the successful bidder in case of unbalanced bid. The Additional Performance Security shall be equal to fifty percent of Unbalanced Bid Amount. The Additional Performance Security shall be deposited in lump sum by the successful bidder before execution of Agreement. The Additional Performance Security shall be deposited through e-Grass, Demand Draft, Banker's Cheque, Government Securities or Bank Guarantee.**
25. ई–टेंडरिंग के लिए बिडर्स हेतु निर्देशः–
   a. इन बिड में दिलचस्पी लेने वाले बिडर्स बिड प्रपत्रों का इन्टरनेटसाईट http:/www.eproc.rajasthan.gov.in से देख/डाउनलोड कर सकते है।
   b. बिडं में भाग लेने वाले बिडर्स को इन्टरनेट साईट http:/www.eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर करवाना होगा। ऑन लाईन बिड में भाग लेने के लिए डिजिटल सार्टिफिकेट इनफोरमेशन टेक्नोलोजी एक्ट 2000 के तहत प्राप्त करना होगा जो इलेक्ट्रोनिक बिड में साईन करने हेतु काम आयेगा। बिडर्स उपरोक्त डिजिटल सर्टिफिकेट सी सी ए द्वारा स्वीकृत एजेन्सी से प्राप्त कर सकते है। जिन बिडर्स के पास पूर्व में वैद्य डिजिटल सर्टिफिकेट है, नया डिजिटल लेने की आवश्यकता नही है।
   c. बिडर्स को बिड प्रपत्र इलेक्ट्रोनिक फार्मेट में उपरोक्त वेबसाइट पर डिजिटल साइन के साथ प्रस्तुत करना होगा। जिसके प्रस्ताव अकेले भौतिक फॉर्म में स्वीकार्य नही होगा।
   d. इलेक्ट्रानिक बिड प्रपत्रो को जमा कराने से पूर्व बिडर्स यह सुनिश्चित कर लेवे की बिड प्रपत्रों से संबंधित सभी आवश्यक दस्तावेजों की स्केन कॉपी बिड प्रपत्रों के साथ अटेच कर दी गयी है।
   e. कोई भी टेण्डर इलेक्ट्रानिकली जमा कराने में किसी कारण से लेट हो जाता है तो उसका जिम्मेदार विभाग नही होगा।
   f. बिड के प्रपत्रों में आवश्यक सभी सूचियों को संपूर्ण रूप से भरकर ऑन लाईन दर्ज करें।

अधिशाषी अभियंता (जोन–पूर्व)
जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर

क्रमांक : 1539- 1551
दिनांक : 15/12/2022

प्रतिलिपि वास्ते सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–
1. निजी सचिव,अध्यक्ष महोदय, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर।
2. निजी सचिव,आयुक्त महोदय, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर।
3. सचिव, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर।
4. निदेशक अभियांत्रिकी, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर।
5. निदेशक वित्त, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर।
6. मुख्य लेखाधिकारी प्रथम/द्वितीय, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर।
7. सहायक लेखाधिकारी,प्रथम/द्वितीय/तृतीय जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर।
8. अधीक्षण अभियंता, सो.नि.वि./जो.वि.वि.नि.लि./जन स्वा.अभि. विभाग, जोधपुर।
9. अधिशाषी अभियंता जोन– पूर्व/पश्चिम/उत्तर /दक्षिण/आर.ओ.बी/पी.एच.ई./विद्युत, जो.वि.प्रा. जोधपुर।
10. कैशियर /नोटिस बोर्ड।
11. सहायक जन सम्पर्क अधिकारी जोधपुर विकास प्राधिकरण जोधपुर।
12. एनालिस्ट कम प्रोग्रामर, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर को प्रेषित कर लेख है कि उक्त बिड का *http://www.eproc.rajsathan.gov.in*,*www.jodhpurjda.org* एवं www.sppp.raj.nic.in की वेबसाईड पर तुरन्त प्रदर्शित *(Upload)* करे।
13. ठेकेदार संघ, जोधपुर विकास प्राधिकरण जोधपुर/ जोधपुर ठेकेदार संघ/ऑल राजस्थान कान्ट्रेक्टर ऐसोसियेशन /ठेकेदार संघ सिवील जे.डी.ए./पी.डब्ल्यू.डी ठेकेदार संघ/........................................।

अधिशाषी अभियंता (जोन– पूर्व)
जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर